हिन्दुस्तान 16.03.2020

सीआरपीएफ ने साइकिल रैली निकाल किया जागरूक

चक्रधरपुर। एक भारत, सर्वश्रेष्ठ भारत अभियान के तहत सीआरपीएफ 60 बटालियन द्वारा रविवार को स्वच्छता से स्वास्थ्य मुहिम के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व 60 बटालियन के कमांडेंट आनंद कुमार जेराई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 60 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी साधु शरण यादव, राजू डी. नायक, उप कमांडेंट जियाउल हक, सहायक कमांडेंट धीरेंद्र पाठक, मिजराब हामिद सिद्दीकी, बिरेंद्र कुमार तथा बटालियन के अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान शामिल हुए।

दैनिक भास्कर – 28.04.2020

203 कोबरा वाहिनी ने 79 लोगों को दिया राशन

बरही | 203 कोबरा वाहिनी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बरही प्रखंड के कोनरा तुरीटोला तुरी टोला एवं रविदास टोला पंचमाधव में द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार 203 कोबरा वाहिनी के निर्देशानुसार राशन सामग्री और सैनिटाइजर का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपकमांडेंट बिरेंद्र खंतवाल ने लोगों को इस महामारी से लड़ने के लिए मास्क लगाकर रहने, सामाजिक दूरी बनाए रखने, अपने हाथों को हैंडवाश से 20 सेकंड तक धोने तथा भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचने को कहा। मौके पर सहायक कमांडेंट विजेंद्र दास, निरीक्षक जीडी राजेंद्र सरोज, उपनिरीक्षक मिथिलेश यादव, सुनील कुमार, विजय सिंह मीना, सहा उपनिरीक्षक रोहित कुमार, हवलदार जीडी ब्रिजेश यादव, बाबुराम, राजेश कुमार, जीडी लक्की चीप, दिल मोहम्मद शेख आदि उपस्थित थे।

प्रभात खबर – 28.04.2020

सीआरपीएफ ने गरीबों के बीच बांटी सामग्री

सेवा

मेदिनीनगर. वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर घोषित लॉकडाउन के बीच सीआरपीएफ ने मनातू प्रखंड के अति पिछड़ा इलाका चक में खाद्य सामग्री वितरण किया . सीआरपीएफ के कमांडेंट एडी शर्मा के निर्देश के आलोक में कंपनी कमांडर राजेंद्र हरिजन ने खाद्य सामग्री वितरण किया . कैंप परिसर में ही गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरित किया . कंपनी कमांडर राजेंद्र हरिजन ने बताया कि लॉकडाउन के कारण गरीब मजदूर व असहाय व्यक्ति काफी परेशान है . उनके समक्ष भोजन जुटाने के अलावा कई तरह की परेशानियां खड़ी हुई है . ऐसी स्थिति में सीआरपीएफ के 134 बटालियन ने सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी . मौके पर मुखिया नरेश रजक, केदार यादव,बसंत उरांव,विजय सिंह,पंचम राम,उमेद सिंह ,लालजी मिश्रा,एसपी सिंह, दलबीर सिंह, रवि कुमार आदि लोग मौजूद थे .

दैनिक भास्कर – 29.04.2020

बरही : कोबरा वाहिनी ने जरूरतमंदों को दिया राशन और सैनिटाइजर

भास्कर न्यूज | बरही

बरही में अवस्थित 203 कोबरा वाहिनी द्वारा पिछले दो दिनों से कैम्प लगाकर जरूरतमंदों को खाने-पीने का सामान मुहैया कराया जा रहा हैं। साथ ही कोविड से बचने के लिए हैंडवाश, साबुन, फेस मास्क, सैनिटाइजर इत्यादि का वितरण भी किया जा रहा हैं। इसी नागरिक सहायता कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में 203 कोबरा वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बरही ने ग्राम बेंदगी के 98 जरूरतमंद लोगों व परिवारों को राशन सामग्री और सैनिटाइजर का सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट लोकेश कुमार 203 कोबरा ने कहा कि 203 कोबरा पिछले 09 वर्षों से लगातार क्षेत्र कि जनता के बीच रहकर क्षेत्र में शांति स्थापना हेतु प्रयासरत है और इस कार्य में इस क्षेत्रवासियों का भरपूर प्यार और सहयोग मिलता रहा हैं। उन्होंने कहा कि 203 कोबरा वाहिनी विपदा की इस घडी में ग्राम वासियों के साथ खड़ी है। हम सब मिलकर इस महामारी से लड़ेंगे और इस पर काबू पाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित 04 मीडियाकर्मियों एवं बेंदगी पंचायत मुखिया दिनेश कुमार को भी सैनिटाइजर दिया गया। मौके पर उप कमांडेंट लोकेश कुमार, सहायक कमांडेंट बिजेंद्र कुमार दास, निरीक्षक राजेंदर सरोज, उपनिरीक्षक मिथिलेश यादव, सुनील कुमार, विजय सिंह मीना, सहा उपनिरीक्षक रोहित कुमार, हवलदार ब्रिजेश यादव, बाबूराम, राजेश कुमार, सिपाही लक्की चीब, दिल मोहम्मद शेख आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंदों को राशन और सैनिटाइजर देते कोबरा के अधिकारी।

हिन्दुस्तान – 30.04.2020

103 जरूरतमंदों को मिला राशन

बरही | प्रतिनिधि

203 कोबरा वाहिनी केरिपु बल ने बुधवार को बरही के पोड़ैया गांव के 103 जरुरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री और कोरोनावायरस से बचने के लिए हैण्ड वाश, साबुन, फेश मास्क, सेनेटाइजर का वितरण किया।

अपने नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए 203 कोबरा वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि कोरोनावायरस के कारण लॉककडाउन से ग्रामीण और मजदूर वर्ग के परिवारों के लिए यह समय चुनौती भरा है। दैनिक जीविका चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे समय में आपके साथ कोबरा वाहिनी के अधिकारी और जवान खड़े हैं। 203 कोबरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरनाथ ने ग्रामीणों को कोरोनावायरस की जानकारी दी और संक्रमण से बचाव के लिए हैंड वॉश करने और सेनिटाईजर के इस्तेमाल करने का तरीका बताया। सभी 103 परिवारों को 05 किलो चावल, 02 किलो दाल, 01 किलो चीनी, 02 किलो आलू, 01 किलो प्याज, 250 ग्राम मिर्च पाऊडर, 500 ग्राम सत्तू, 250 ग्राम हल्दी पाऊडर, नमक और सरसों तेल 01लीटर पैक के साथ-साथ सेनिटाईजेशन हेतु हाथ धुलाई के लिए डेटाल हैण्डवॉश 02, फेस- मास्क 02, हैंड सेनिटाईजर 01, डेटाल साबुन 04 वितरित किया गया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार, सहायक कमांडेंट बिजेंदर कुमार दास, डॉ० अमरनाथ, निरीक्षक राजेंदर सरोज, उपनिरीक्षक मिथिलेश यादव, दिल मोहम्मद शेख मौजूद थे।

पोड़ैया गांव में राशन सामग्री का वितरण करते कोबरा वाहिनी के अधिकारी और जवान।

पहल

- कोबरा वाहिनी ने राशन और सेनिटाइजर का वितरण किया
- हैंड वॉश और सेनिटाईजर के इस्तेमाल करने का तरीका बताया